## संक्षिप्त समाचार

### वाटर कूलर खराब, शुद्ध पेयजल को तरस रहे मरीज



**महराजगंज तराई (बलरामपुर )/पंकज मिश्र :** सीएचसी तुलसीपुर के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज तराई में इलाज के लिए पहुंच रहे मरीजों को शुद्ध पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है। महीनों से वाटर कूलर खराब पड़ा हुआ है। ऐसे में मरीजों एवं तीमारदारों को हैंडपंप एवं पानी का बोतल खरीदकर प्यास बुझाने के लिए विवश होना पड़ रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद स्थितियां जस की तस बनी हुई है। जबकि अस्पताल जल्द दुरुस्त कराकर संचालित करने का दावा कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से रोजना 100 से अधिक मरीज जहां डॉक्टर का परामर्श,व इलाज कराने अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसे में अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते परिसर में स्थापित वाटर कूलर करीब महीनों से बंद पड़ा हुआ है। इसकी मुख्य वजह है कि पार्टस खराब पड़े हैं। शिकायत के बावजूद भी अस्पताल के अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी सिर्फ जल्द दुरुस्त होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन हकीकत तो यह है कि अब तक खराब पड़े मशीन के मरम्मत को लेकर कोई ठोस कदम ही नहीं उठाया गया है। सीएचसी अधीक्षक सुमंत सिंह चौहान ने बताया कि सूचना मिली है जल्दी वाटर कूलर सही कराया जाएगा।

### घटतौली करने का आरोप लगाते हुए कोटेदारों ने हंगामा कर सौपा ज्ञापन



**आयोध्या :** विभाग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक कांटा मिलने के बाद कोटेदारो ने आपूर्ति विभाग के ठेकेदार पर राशन कम देने का आरोप लगाते हुए पूर्ति कार्यालय सोहावल पर किया हंगामा। सस्ते गल्ले की दूकान चलाने वाले कोटेदारों ने जिलाध्यक्ष हाजी सलीम के नेतृत्व में एक जुट होकर आपूर्ति विभाग के ठेकेदार पर बोरी पीछे 580 ग्राम राशन कम देने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी को एक ज्ञापन सौंपा है। कोटेदारों के जिला अध्यक्ष हाजी सलीम खान ने कहा कि इस समस्या का नही हुआ निदान तो नही होगा तो सभी कोटेदार राशन का वितरण नही करेंगें। और एक साथ सभी कोटेदार लेंगे कोई बड़ा फैसला। इस सम्बंध में पूछे जाने जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कोटेदारों का यह आरोप तथ्य हीन है। जब को कोटेदारों के घर पर सप्लाई दी जाती है तो उनकी जिम्मेदारी बनती है कि राशन को तौल कर और पूरा लिया जाना चाहिए। साथ ही कहा कि घटतौली कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी घटतौली करने पर पकड़े जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर माताफेर तिवारी, भोला मौर्या, राघवेन्द्र तिवारी, रामतेज यादव, रामकुमार यादव सहित तहसील क्षेत्र के समस्त उचित दर दूकान विक्रेता उपस्थित रहे।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की हुई मौत, तीन घायल



**मिल्कीपुर/अयोध्या :** जनपद के इनायतनगर थाना क्षेत्र में अलग-अलग हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत तथा तीन अन्य लोग घायल हो गए। थाना इनायतनगर के अंतर्गत बारून चौराहे पर सुबह सड़क पार कर रहे देवरिया मजरे भीम का पुरवा निवासी गंगा प्रसाद यादव (50) पुत्र शीतला प्रसाद की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक गंगा प्रसाद अपनी स्कूटी से सब्जी खरीदने बीकापुर सब्जी मंडी जा रहा था जैसे ही वह फोरलेन पर बारून चौराहे पर बने कट को पार करने के लिए मुड़ा वैसे ही सामने से अपने साइड से आ रही पल्सर बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में हेलमेट लगाए पल्सर सवार करीब 10 फीट जाकर दूर गिरा। पल्सर सवार युवक ने हेलमेट लगा रखा था जिस कारण उसे गंभीर चोटें नहीं आई। वहीं दूसरी ओर स्कूटी चला रहे गंगा प्रसाद के सिर में गंभीर चोटे लग गई उसके सिर से ढेर सारा खून सड़क पर ही बह गया। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी द्रिवेश त्रिवेदी ने आनन फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पल्सर सवाल घायल राम लखन (32) पुत्र राम समुझ निवासी ग्राम धन्नेपुर थाना जामो जिला अमेठी को बाजार के ही एक क्लीनिक पर उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी घटना में मड़हा पुल पर स्थिति विठ्ठलापुर मोड़ के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई। थाना पूरा कलंदर के उपनिरीक्षक अमित कुमार ने बताया सुबह डंपर क्र78 छ्ज्ञ 3656 जो रायबरेली फोरलेन पर फैजाबाद से रायबरेली की ओर जाते हुए विठलापुर मोड पर मुड़ रहा था उसमें पीछे से बाईक सवार तीन युवक टकरा गए। जिसमें विजय कुमार (18) पुत्र राधेश्याम, अजय कुमार (20) पुत्र राधेश्याम, विपिन (18) पुत्र राजितराम निवासी पूरे सबल का पुरवा थाना बल्दीराय सुल्तानपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने विजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। अन्य दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया गया।जहां नाजुक हालत के कारण चिकित्सकों ने विपिन कुमार को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जबकि दूसरे को जिला चिकित्सालय में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया।

# लोस चुनाव 2024 को लेकर भाजपा चुनाव संचालन समिति की हुई बैठक

## बैठक में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारों का बोध कराया गया

**मोहमद रईस**



**पचपेड़वा (बलरामपुर) :** लोकसभा चुनाव 2024 भाजपा चुनाव संचालन समिति की हुई बैठक हुई जिसमें जिम्मेदारों को जिम्मेदारियो का बोध कराया गया।

पचपेडवा के राम जानकी मंदिर में विधानसभा गैंसडी की संचालन समिति की बैठक मुख्य अतिथि अवधेश श्रीवास्तव लोकसभा प्रभारी की उपस्थिति में किया गया।,बैठक की अध्यक्षता विधानसभा के चुनाव प्रभारी अजय सिंह पिंकू ने किया। बैठक का संचालन भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रवि मिश्रा ने किया। चुनाव संचालन समिति के सभी सदस्यों को लोकसभा श्रावस्ती प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव ने उनके जिम्मेदारियो का बोध कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव में चुनाव संचालन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है।आप के कंधे पर इस विधानसभा की पूरी जिम्मेदारी है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे अजय सिंह पिंकू ने कहा कि योगी और मोदी के सरकार में विपक्षियों को जनता के बीच में बताने के लिए कुछ नहीं है। जबकि भाजपा के पास विकसित भारत का संकल्प, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित हर वर्ग के विकास के लिए कार्य हुआ है जिसे बताने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हमारा नेतृत्व नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। जिला महामंत्री रवि मिश्रा ने बैठक के अंत में चुनाव संचालन समिति के सभी सदस्यों से चुनाव में आने वाले समस्याओं के संबंध में भी चर्चा किया गया।

बैठक में ब्लाक प्रमुख पचपेड़वा मनोज तिवारी, ब्लाक प्रमुख गैसड़ी जगदम्बा सिंह शक्ति,भोला जायसवाल, मंडल अध्यक्ष जगदम्बा ठाकुर, हरीश मिश्रा, सुधीर सिंह, राजेश गुप्ता, प्रेम वर्मा, दयाराम प्रजापति, मंडल प्रवासी मदन लाल जायसवाल,अरूण देव पाठक,अजय सैनी, गुड्डू चौधरी, छोटकउ यादव, संचालन समिति के राजू प्रजापति, धीरेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र ओझा, अशोक मौर्या,जीवन प्रकाश मिश्रा, रोहित गुप्ता,विजय गुप्ता, अप्पू जायसवाल,अजय जायसवाल,राम जी तिवारी, गुड्डू चौधरी,राम अर्जुन साहू, पद्मिनी सिंह,राजित राम थारू,दीपक जायसवाल,राम बिलास विश्वकर्मा, विशाल सिह, परमजीत सिंह, समेत चुनाव संचालन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### मासूम के साथ दरिंदगी, पुलिस ने खेला खेल

# सामूहिक दुष्कर्म में दो को छोड़ा एक को भेजा जेल

**तेजयुग न्यूज**

**रायबरेली :** पंद्रह वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक दुराचार के मामले में बड़ा पुलिसिया खेल प्रकाश में आया है आरोप यह है कि पीड़िता की मां द्वारा दी गई तहरीर को पुलिस ने बदलकर मनमानी तरीके से मुकदमा दर्ज कर आनन फानन एक आरोपित को जेल भेजकर मामले में इतिश्री कर ली जबकि दो आरोपित अभी भी फरार है। यही नहीं अभी तक पुलिस वह दो अभियुक्तों को चिन्हित तक नहीं कर पाई है। जबकि कि मासूम किशोरी ने 164 के अदालती बयान में दो अन्य लोगों को घटना में शामिल होना बताया है। पुलिस की इस करतूत को लेकर पीड़िता की मां ने रिश्तेदारों के साथ एसपी से मिलकर घटना से अवगत कराया है।

तहरीर बदलने का खेल तब प्रकाश में आया जब पीड़िता के रिश्तेदारों ने मुकदमे की रिसीविंग कांपी थाने से ली। मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र का है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में लिखा गया है कि 28 फरवरी 2024 को देर शाम उसकी 15 वर्षीय पुत्री खेतों की तरफ आवारा पशुओं को भागने गई थी इसी दौरान छोटू शिल्पकार पुत्र सुंदर सहित दो अज्ञात लोग उसकी पुत्री को जबरन बाइक मे उठा ले गए और किसी अज्ञात स्थान पर उसके साथ बारी बारी से दुष्कर्म किया और आधी रात बाद मासूम किसी तरह घर पहुंची तो आप बीती बताई। जिसके बाद कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी गई जिसमें पुलिस ने तहरीर बदलते हुए सिर्फ छोटू नामक आरोपित को पकड़ कर जेल भेज दिया जब कि दो अन्य आरोपियों का नाम मुकदमे में नहीं लाया गया। अपर एसपी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है डलमऊ सीओं को जांच सौंपी गई है।

### ...तो मुर्दे को बनाया छेड़छाड़ का आरोपी

**रायबरेली :** ऊंचाहार की काबिल पुलिस ने एक और सफलता हासिल की है पुलिस ने एक मुर्दे को छेड़छाड़ का आरोपी बनाया है। बताया जाता है कि पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर फूल की बाग गांव निवासी मृतक राजेंद्र के विरुद्ध छेड़छाड़ व मारपीट की प्राथमिकी दर्ज की है जब कि वह लगभग दस वर्ष पूर्व मर चुका है। पुलिस की इस काबिलियत पर क्षेत्र में चर्चा का विषय है हालांकि कोतवाल अनिल सिंह का कहना है कि विवेचना का पाठ है जांच की जा रही है वादिनी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

## सामाजिक संस्था उमीद किरण सेवा संस्थान ने किया समानित



**तेजयुग न्यूज**

**मिल्कीपुर/अयोध्या :** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के देवरिया मजरे भुलनापुर निवासी नेत्र डॉ की पुत्री शिखा यादव का किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर चयन होने पर क्षेत्रीय लोगों में खुशी उम्मीद किरण सेवा संस्थान ने सम्मानित किया। बता दें बारुन बाजार स्थित अमन आई केयर अस्पताल के संचालक नेत्र चिकित्सक डॉ मस्तराम यादव की सुपुत्री शिखा यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता के साथ-साथ माता आरती यादव की प्रेरणा तथा गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है।

डॉ शिखा यादव ने बताया कि वह दिन में 12 से 14 घंटा पढ़ाई करती थी जिसमें 8 घंटे टैबलेट पर ऑनलाइन पढ़ाई तथा बचे समय में सेल्फ स्टडी करती थी। बचपन से ही मेधावी और टॉपर रही शिखा यादव की प्रारंभिक शिक्षा फैजाबाद के ग्रामर अकैडमी में हुई है। शिखा ने ग्रामर अकादमी में नर्सरी से लेकर इंटरमीडिएट तक पढ़ाई किया और उसके बाद अवध विश्वविद्यालय से बीएससी की पढ़ाई किया। इसके बाद पढ़ाई के लिए लखनऊ चली गई और वहां किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय से बीएससी नर्सिंग का कोर्स पूरा किया। बीएससी नर्सिंग की डिग्री लेने के बाद महज एक वर्ष की तैयारी में ही शिखा यादव ने नर्सिंग ऑफिसर की परीक्षा पास करते हुए किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय कैंपस में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर चयनित हुई है और अपने माता-पिता व परिवार का नाम रोशन किया।

उम्मीद किरण सेवा संस्थान के अध्यक्ष लाल चन्द्र चौरसिया की अगुवाई में मेधावी छात्र के घर पर सम्मान समारोह आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ अरविंद सिंह, वकार अहमद खान, त्रिलोकीनाथ पासी, अनंतराम यादव, शिवराम यादव, देवनारायन प्रजापति, शिव नारायन यादव, अंकित यादव, सुमित यादव, महेश चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनाव सकुशल शांतिपूर्ण सपन्न कराने के लिए कन्ट्रोल रूम हुआ स्थापित

**अयोध्या :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यालय अतिरिक्त मजिस्टेट कक्ष, कलेक्टेट परिसर अयोध्या में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि किसी प्रकार की शिकायत के लिए दूरभाष नम्बर- 05278-297499 जारी किया गया है। कन्ट्रोल के संचालन हेतु शिफ्टवार अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्युटी लगायी गयी है। यामिनी रंजन, पी0ओ0 डूडा, हिमांशु श्रीवास्तव अहलमद, मुख्य राजस्व अधिकारी, कौशिल्या आपरेटर निर्वाचन कार्यालय प्रातः 6 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक, अमित सिंह जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, रितेश सोनकर संयुक्त कार्यालय कलेक्टेट व विनोद आपरेटर निर्वाचन कार्यालय अपरान्ह 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक, अजय त्रिपाठी जिला कार्यक्रम अधिकारी, आलोक क0 सहायक, संयुक्त कार्यालय कलेक्टेट व राहुल गौड़ आपरेटर निर्वाचन कार्यालय रात्रि 10 बजे से प्रातः6 बजे तक शिफ्टवार ड्युटी लगायी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारी/कर्मचारी निर्वाचन सम्बंधी प्राप्त महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान प्रदान एवं निर्वाचन सम्बंधी प्राप्त आफलाइन/ऑनलाइन शिकायतों (सी-विजिल) का तत्काल निर्धारित समयावधि में निस्तारण कराये जाने हेतु संबंधित को प्रेषित करते हुये संबंधित से निस्तारण आख्या प्राप्त कर प्रभारी अधिकारी शिकायत के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ को प्रेषित करने का निर्देश दिया।

# सामुदायिक शौचालय में लटक रहा ताला, खुले में सांस जाने को मजबूर हो रहे ग्रामीण

## शासन ने घर-घर नि:शुल्क शौचालय का निर्माण भी कराया है

**शाहिद हुसैन**



**रेहरा बाजार (बलरामपुर) :** विकासखंड रेहरा बाजार के रूधौली बुर्जुग ग्राम में सामुदायिक शौचालय में एक वर्ष से ताला लटक रहा है। भवन खण्डहर में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों ने समस्या के निस्तारण की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि देखभाल के लिए मानदेय पर केयरटेकर की तैनाती है, फिर भी ताला लटक रहा है। ग्रामीण खुले में शौच जाने को मजबूर है।

शासन की मंशा के अनुरूप खुले में शौच मुक्त करने के लिए पहले गांव में घर-घर निशुल्क शौचालय का निर्माण भी कराया गया। सामुदायिक शौचालय में ताला लगा होने के कारण ग्रामीण इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। सी बी सिह , कल्लू , राजू रीता, रीना व रमेश ने बताया कि रेहरा ब्लॉक क्षेत्र में जिम्मेदार अधिकारी खुले में शौच मुक्त अभियान को ठेंगा दिखा रहे हैं। ब्लॉक क्षेत्र के गांवो में कुल 92 शौचालयों का निर्माण करवाया गया है। इन शौचालयों में केयरटेकर के मानदेय के रूप में 592000 रुपए प्रतिमाह खर्च हो रहा है।

अधिकारियों की उदासीनता के चलते लाखों रुपए खर्च होने के बाद ग्रामीणों को सामुदायिक शौचालयों का लाभ नहीं मिल पा रहा है । खुले में शौच मुक्त अभियान को लेकर ब्लॉक में लाखों रुपए खर्च कर सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। शासन की मंशा थी कि सामुदायिक शौचालय बनने के बाद ग्रामीणों को खुले में शौच जाने से मुक्ति मिल जाएगी जिससे साफ सफाई के साथ-साथ ही लोगों को गंदगी से होने वाली बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। इसी क्रम में ब्लाक क्षेत्र के 92 शौचालय बन गए शासन से सफाई कर्मचारी व रख रखाव के लिए प्रत्येक सामुदायिक शौचालय में 6000 प्रति माह के मानदेय पर केयरटेकर की तैनाती करने के साथ ही प्रत्येक सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था साबुन, निरमा, बाल्टी नैपकिन आदि के लिए 3000 हजार रुपए के तिमाही व्यय करती है इस प्रकार देखरेख व मानदेय के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाने के बाद भी सामुदायिक शौचालयों में ताले लटक रहे हैं जबकि ग्रामीण खुले में शौच जाने के लिए विवश है।

**-खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि जांच कर कारवाई की जायेगी।**

# किसान यूनियन ने मासिक पंचायत कर सात सूत्री मांग पत्र सौपा

## गरीब अनुसूचित जाति की महिला की झोपड़ी पर बुलडोजर चलाने का मुद्दा छाया रहा

**तेजयुग न्यूज**



**अयोध्या :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत तहसील सदर के तिकुनिया पार्क में लगाई गई पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने किया संचालन वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने किया। जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि जनपद का जिला प्रशासन किसानों की अनदेखी कर रहा है माननीय मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार कहा जा रहा है गरीब की झोपड़ी नहीं उजड़ी जाएगी।

लेकिन मिल्कीपुर के मंजन पुरवा में दलित गरीब अनुसुइया नाम की महिला की झोपड़ी गिराई गई। राम सुरेश अकारीपुर का बिजली बिल न बकाया होने के कारण भी जेई हिम्मत सिंह द्वारा कनेक्शन कटवा दिया गया आवास विकास परिषद द्वारा जो जमीन अधिग्रहण की जा रही है। वह जमीन मार्केट रेट पर ली जाए जनपद में बड़े पैमाने पर पशुचर की जमीन वह भू माफियाओं द्वारा कब्ज की जा रही है उसको तत्काल खाली करवाया जाए।

वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने बताया किसानों की छोटी-छोटी समस्याओं को तहसील प्रशासन सुनने को तैयार नहीं है मिल्कीपुर की समस्या को लेकर एसडीएम से मिला एडीएम प्रशासन ने फोन से बात कर और लिखित आदेश कर एसडीएम मिल्कीपुर के पास भेजा जब पीड़िता और किसान संगठन के पदाधिकारी एसडीएम के पास गये तो एसडीएम बात करने को तैयार नहीं उल्टे कह रहे हैं नेतागिरी करना है कर लो हमको कोई फर्क नहीं पड़ता। किसानों मजदूरों के लिए खाली थोड़े बैठे हैं एसडीएम मिल्कीपुर तानाशाही रवैया अख्तियार कर जिला अधिकारी व जिला प्रशासन की बात भी नहीं मान रहे हैं।

पंचायत में सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा जिला अधिकारी को सात सूत्रीय ज्ञापन सौपा गयाहै। साथ ही संगठन के मजबूती हेतु सोहावल का ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व प्रधान राम अभिलाख यादव को नियुक्त प्रमाण पत्र जिला अध्यक्ष अरविंद यादव द्वारा दिया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष बीकापुर रंजीत पांडे, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम, जिला महासचिव जेपी किसान, बीकापुर ब्लॉक अध्यक्ष अमरनाथ, महानगर अध्यक्ष अजय यादव, माया ब्लॉक अध्यक्ष सुनील यादव, रामप्यारी धुरिया, महिला जिला अध्यक्ष सविता मौर्या, जिला उपाध्यक्ष राजमणि यादव एवं तमाम ग्राम सभा अध्यक्ष पंचायत में मौजूद रहे।

# बसपा को लगा झटका, प्रमोद श्रीवास्तव ने दर्जनों साथियों के साथ भाजपा में की एंट्री

**तेजयुग न्यूज**



**अयोध्या :** जनपद के तहसील बीकापुर ग्राम सभा नेतवारी लाला का पुरवा निवासी प्रमोद श्रीवास्तव ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में हुए शामिल। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने दिलाई पार्टी की सदस्यता। प्रमोद श्रीवास्तव बहुजन समाज पार्टी के संघर्षशील कार्यकर्ता रहे। उन्होंने लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया और कहा कि हर संभव में प्रयास करके लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को विजई बनाकर संसद में भेजने का काम करुंगा। और भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करुंगा।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, अंबेडकर नगर से भाजपा समर्थित प्रत्याशी रितेश पांडेय, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी, बाबा विश्वनाथ महाविद्यालय के प्रबंधक दिग्विजय सिंह उर्फ बूक्कू, लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल, पूर्व मंत्री अवधेश पांडेय, अवधेश द्विवेदी पूर्व प्रत्याशी कटेहरी, आलोक श्रीवास्तव, पवन प्रधान नेतवारी सहित सैंकड़ों समर्थक मौजूद रहे।


# चुनाव को सकुशल व शांतिपूर्ण सपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

**तेजयुग न्यूज**

**अयोध्या :** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तहसील रूदौली के क्षेत्रों व उसके अंतर्गत आने वाले विभिन्न मतदान केन्द्रों का जिलाधिकारी नीतीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारी द्वय ने मा0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रक्रिया को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत निर्धारित मानकों के अनुरूप समस्त आधार भूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तहसील रूदौली के मतदान स्थल क्षेत्र सैदपुर के मतदान केन्द्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय सैदपुर के बूथों बूथ संख्या 131, 132 व 133 का निरीक्षण किया।

### ▸▸ मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया और स्कूलों में बच्चों की शैक्षिक योग्यता को परखा

अधिकारीद्वय द्वारा मतदान केन्द्र नया प्राथमिक विद्यालय पूरे बैजू पांडेय मजरे सैदपुर पर स्थित बूथों यथा-134 व 135 का निरीक्षण कर मा0 आयोग के निर्देशानुसार की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उक्त सभी मतदेय स्थलों पर मा0 आयोग के मानक के अनुरूप समस्त सुविधाएं पूर्ण पायी गयी। इस दौरान जिलाधिकारी व एसएसपी द्वारा उक्त विद्यालयों के विभिन्न कक्षों में संचालित कक्षाओं में जाकर अध्ययनरत बच्चों से गणित के सवाल लगवाकर एवं विभिन्न पुस्तकों को पढ़वाकर शैक्षिक गुणवत्ता को परखा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अध्यापकों को प्रत्येक कक्षा से एक-एक बच्चें का अलग-अलग उनके वर्तमान शैक्षिक स्तर का मूल्यांकन कर उसके शिक्षक स्तर के अनुरूप शिक्षा प्रदान करते हुए सभी बच्चों को उनकी कक्षा के शैक्षिक स्तर तक लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी अध्यापक प्रत्येक बच्चे के शैक्षिक स्तर में सुधार लाने हेतु पूर्व में दिये गये लेबल वाइज लर्निंग प्रशिक्षण के अनुरूप विषयवार लर्निंग चार्ट अनिवार्य रूप से बनाने तथा नियमित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने व प्रत्येक माह उनका मूल्यांकन कर शैक्षिक चार्ट को




अपडेट करते रहने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रूदौली, सीओ रूदौली सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

